दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 18.09.2023

प्रकाशनार्थ

दिनांक 18.09.2023 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज गोरखपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ फेडरेशन नई दिल्ली के सुयंक्त तत्वावधान में शान्ति एवम मानवता की संस्कृति का विकास विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार में विश्व शांतिदूत श्री प्रेम रावत जी के शांति के संदेश का शांत और सफल इवेंट ऑडियो –वीडियो माध्यम से संपन्न हुआ। सेमिनार में जीवन में वैश्विक स्तर पर शान्ति स्थापित करने के विभिन्न तरीकों पर चर्चा की गई तथा एनिमेशन फिल्म, स्टोरी आदि के माध्यम से शान्ति प्राप्त करने के तरीकों को प्राप्त कर सकते हैं। जीवन में मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के बाद जब व्यक्ति अपनी इच्छाओं एवम् चाहतों का असीमित विस्तार करना चाहता है, तो उसके जीवन में अशांति धीरे–धीरे अपना घर बनाती चली जाती है। इन सबसे बचने के लिए हमें अपने अन्दर हृदय में स्थित शान्ति की खोज स्वयं ही करनी होगी। शान्ति हेतु हमें अपने अन्दर की लय को पहचनना होगा, जानने और विश्वास करने का अन्तर सीखना होगा, कठिन समय के लिए बोझ को हल्का करना होगा एवम् दयालुता के माध्यम से सम्पूर्ण बनने का प्रयत्न करना होगा।सेमिनार कार्यक्रम के सफल आयोजन में वाई०पी०एफ० टीम, गोरखपुर के 9 उत्साहित स्वयं सेवकों ने अपना योगदान दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि शान्ति हमारे अन्दर हमारे अपने हृदय में ही स्थित है। वर्तमान में अनेक समस्याओं से सामाजिक जीवन में अशान्ति व्याप्त है। एक लोकतन्त्रात्मक राष्ट्र में ऐसी समस्याओं का समाधान करने में युवाओं का विशेष योगदान रह सकता है। वे ही जनदृजागरण के द्वारा जनदृशक्ति को सामाजिक विकास की चेतना से मण्डित कर सकते हैं। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु वाई०पी०एफ० की पूरी टीम तथा उपस्थित प्राध्यापकगण और विद्यार्थियों का आभार ज्ञापन किया।

कार्यक्रम के अन्त में प्राध्यापकों एवम् छात्र–छात्राओं सहित सभी लोगों ने श्री प्रेम रावत जी को फिर से सुनने के लिए और मौका मिलने पर लाइव सुनने की भी इच्छा जाहिर की, इवेंट में उपस्थित लगभग 600 लोगों से फीडबैक फॉर्म भरवा कर लिए गए और **प्रेम रावत जी की लिखी किताब 'स्वयं की आवाज' की एक प्रति प्राचार्य जी को उपहार स्वरूप भेंट की गई**

कार्यक्रम का संचालन वाई०पी०एफ० की पूरी टीम **ने किया, इस अवसर पर डॉ. संजय कुमार त्रिपाठी, डॉ. संजीव सिंह, डॉ. शैलेश कुमार सिंह, डॉ. सुनील सिंह, डॉ. चण्डी प्रसाद पाण्डेय, डॉ. कमलेश मौर्य, डॉ. अनूप राय, डॉ. सुभ्राशु शेखर सिंह, डॉ. अखण्ड प्रताप सिंह, डॉ. अनिल भाष्कर सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।**

उक्त जानकारी मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने दी।

(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क